an>

Title: Need to lay down sewerage system in Sahajahanpur Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर) : राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं शहरों में सीवर लाइन न होने के कारण सीवरेज के जहरीले पानी से होने वाली बीमारियों के कारण उत्पन्न गंभीर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगी। गंगा नदी के तट पर बसे शहरों में उत्पादित घरेलू अपशिष्ट पदार्थों के कारण नदियों में होने वाले प्रदूषण के नियंत्रण हेतु शहरों में पूर्ण सीवरेज प्रणाली को लागू किया जाना अति आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में गंगा एवं रामगंगा नदी के किनारे पर स्थित 31 शहरों में से 5 शहरों में वर्तमान में कुल 7 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। निर्माणाधीन परियोजनाओं में जनपद शाहजहाँपुर की सीवरेज लाइन भी आधी-अधूरी पड़ी है। शाहजहांपुर जनपद में गंगा में मिलने वाली क्रमशः गर्रा और खन्नौत नदियों में सीवरेज लाइन पूर्ण न होने के कारण शहरों के गंदे पानी के कारण नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं और यह प्रदूषित जल गंगा में मिल रहा है, जिससे गंगा नदी भी प्रदूषित हो रही है। प्रदूषित एवं आर्सेनिक जल के कारण जिले में गुर्दे की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों की संख्या भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। साथ ही कचरे के मलबे के कारण नदियाँ भी सिकुड़ती जा रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए पूर्ण सीवरेज व्यवस्था किया जाना जनहित में नितांत आवश्यक है।